अधीक्षक का कार्यालय, जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, भागलपुर।

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, भागलपुर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल,भागलपुर में मरीजों को MRI & CT Scan का 24x7 Online Tele Reporting हेतु इच्छुक विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको से कार्य कराने हेतु द्वि–लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा 21.04.2026 के 05 बजे अपराह्न तक निबंधित डाक से प्राप्त किया जाएगा।

निविदा तारीख 22.04.2026 को 12.30 बजे अपराह्न में अधीक्षक कार्यालय वेश्म में खोला जाएगा। उसी दिन तकनीकी एवं वित्तीय निविदा का निस्तार क्रय समिति के समक्ष किया जाएगा। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जाएगा। निविदा द्वि–लिफाफा पद्धति से आमंत्रित किया जाता है। इसमें तकनीकी निविदा एक लिफाफा में एवं वित्तीय निविदा दूसरे लिफाफे में एवं दोनों को एक बडे लिफाफा के अंदर रखकर सील कर दिया जाएगा। तकनीकी निविदा में सफल निविदाता का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा। निविदा प्राप्ती का कार्यालय, **अधीक्षक का कार्यालय, जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, भागलपुर एवं** तकनीकी निविदा की शर्त्त निम्निवत है:–

तकनीकी शर्त्त :–

1- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको को सभी प्रकार का MRI & CT Scan 24x7 Online Tele Reporting करना होगा जिसका Minimum and Maximum Time अंकित करना होगा।

2- विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास मास्टर डिग्री MD/DMRD होना चाहिए,जिसमें MD डिग्री धारक को प्राथमिक्ता दी जाएगी।

3- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको को किसी भी सरकारी संस्थान द्वारा Black Listed नही होने का शपथ पत्र एवं चरित्र प्रमाण मूल में संलग्न करना होगा।

4- MRI & CT Scan से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक एवं संबंधित संचालको को सरकार में Trade License होना चाहिए। पिछले तीन वर्ष का ITR (Income Tax Return), प्रस्तावित चिकित्सक का Bio Data अनुभव प्रमाण के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। संस्थान में जिसमें कम से कम एक क्वालीफाइड MD/DMRD रेडियोलॉजिस्ट (फाइनल) होना चाहिए।

5- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको का कार्य अनुरूप नही रहने पर एवं गुणवत्ता में कमी रहने पर अथवा समय पर कार्य पूरा नही किये जाने की स्थिति में Black Listed कर दिया जाएगा।

6- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको के Firm का वैध Pan & GST no. होना चाहिए।

7- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको को Online Tele Reporting में उपयोग में होने वाले software का User ID & Passward देना होगा।

8- विशेषज्ञ चिकित्सक एवं संबंधित संचालको सभी कार्य अपने अधीन चिकित्सक से ही करायेंगें अथवा स्वंय करेंगें किसी दूसरे को कार्य आउटसोर्स नही करेंगें अर्थात Online Tele Reporting कार्य स्वयं करना होगा।

9- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको को कार्य स्थल की विवरणी देना होगा ताकि भविष्य में स्थल का सत्यापन किया जा सके ।

10- Security Deposit Rs.10,000/-रू0 का बैंक ड्राप्ट **अधीक्षक, जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा, महाविद्यालय अस्पताल, भागलपुर** के पक्ष में संलग्न करना होगा।

11- अधोहस्ताक्षरी या विभागीय सक्षम पदाधिकारी को बिना कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

12- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भागलपुर होगा ।

Scanned with OKEN Scanner

वित्तीय निविदा शर्त :–

1- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको को सभी प्रकार का MRI & CT Scan का 24x7 Online Tele Reporting हेतु Rate per Test बिना GST का देंना होगा।

2- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको को भुगतान के समय नियमानुसार करों की कटौती श्रोत पर कर ली जाएगी ।

3- निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि के दिन किसी कारणावश सरकारी अवकाश घोषित हो जाने पर यह तिथि अगले कार्य दिवस को स्वतः निश्चित समझा जायेगा।

4- विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं संबंधित संचालको हेतु निविदा में स्वीकृत दर के अलावे किसी अन्य प्रकार का भुगतान संस्थान के द्वारा नही किया जाएगा।

5- नियम एवं शर्त अधीक्षक कार्यालय, जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा, महाविद्यालय, अस्पताल, भागलपुर के सूचना पट एवं www.jlnmchbgp.org पर देखा जा सकता है।

10/4/26

अधीक्षक
जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा, महाविद्यालय
अस्पताल,भागलपुर।

10/4/26

ज्ञापांक 1859 / भागलपुर, दिनांक 10/4/2026

प्रतिलिपि :– जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल,भागलपुर के सूचनापट्ट एवं बेवसाईट पर प्रकाशित वास्ते ।

10/4/26

अधीक्षक
जवाहरलाल नेहरु चिकित्सा, महाविद्यालय
अस्पताल,भागलपुर।

OK 10/4/26

Scanned with OKEN Scanner